मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक सं० 206

दिनांक 03.7.2021

समस्त छात्रावास अधीक्षक / अधीक्षिकाएं
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— जुलाई—अगस्त 2021 में सम्पन्न होने वाली परीक्षाओं के दौरान छात्रावास सुविधा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

दिनांकः 02.07.2021 को सायः 05:00 बजे माननीय कुलपति जी ने अपने कैम्प कार्यालय में प्रतिकुलपति, कुलसचिव, संकायाध्यक्ष विज्ञान, निदेशक एस0सी0आर0आई0ई0टी0, अधोहस्ताक्षरी, छात्र कल्याण अधीष्ठाता एवं कुलानुशासक से विचारोपरान्त जुलाई—अगस्त 2021 में सम्पन्न होने वाली विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों की अन्तिम वर्ष / सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान पूर्व से आबंटित छात्र / छात्राओं को 07.07.2021 से छात्रावास सुविधा प्रदान करने के आदेश दिये हैं।

कॉविड—19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत छात्रहित में निर्णय लिया गया है कि एक कक्ष में एक छात्र / छात्रा ही रखा जाए एवं कॉविड—19 से बचाव के दिशा—निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए।

कृपया उक्तानुसार छात्रावास सुविधा (भोजन सहित) प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। छात्र / छात्राओं की परीक्षा समाप्ति के 03 दिन के अन्तर्गत उक्त छात्र / छात्राओं से छात्रावास खाली कराना होगा।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय

(प्रो0 पी0के0 शर्मा)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित ।
03. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित ।
04. छात्र कल्याण अधिष्ठाता को सूचनार्थ प्रेषित।
05. प्रोक्टर को सूचनार्थ प्रेषित।
06. विश्वविद्यालय वेबसाइट।
07. प्रेस प्रवक्ता

03.07.2021
(प्रो0 पी0के0 शर्मा)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक